
अध्याय 16

# प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन



## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1.** नीचे दी गई सूची में से उस वस्तु को चुनिए जो एक प्राकृतिक संसाधन नहीं है–

(a) मृदा

(b) जल

(c) विद्युत

(d) वायु

**2.** विश्व का सबसे तेजी के साथ घटता जा रहा प्राकृतिक संसाधन कौन-सा है?

(a) जल

(b) वन

(c) पवन

(d) सूर्य का प्रकाश

**3.** प्राकृतिक संसाधन की सबसे उपयुक्त परिभाषा यह है कि यह ऐसा उपयोगी वस्तु/पदार्थ हैं जो

(a) केवल पृथ्वी पर विद्यमान है

(b) प्रकृति की एक ऐसी देन जो मानव जाति के लिए बहुत लाभप्रद है

(c) मानव द्वारा निर्मित एक पदार्थ जिसे प्रकृति को सौंप दिया गया है

(d) केवल वनों में पाया जाता है

**4.** गंगा नदी में कॉलिफॉर्म जीवाणुओं के प्रचुर मात्रा में पाए जाने का प्रमुख कारण क्या है?

(a) जल में अधजली लाशों को प्रवाहित करना

(b) इलेक्ट्रोप्लेटिंग उद्योगों से निकलने वाले बहिःस्रावों का प्रवाहित किया जाना

(c) कपड़े धोना

(d) भस्म को जल में प्रवाहित करना

**5.** किसी नदी के तट पर से, जहाँ अनेक फैक्ट्रियों के बहिःस्राव आकर जल में प्रवाहित हो रहे थे, एकत्रित किए जल-नमूने को pH 3.5 – 4.5 की परास में अम्लीय पाया गया। निम्नलिखित फैक्ट्रियों में से कौन-सी फैक्ट्री के बहिःस्राव के कारण नदी के जल का pH कम हो गया?

(a) साबुन और अपमार्जक फैक्ट्री

(b) सीसे की बैटरी बनाने वाली फैक्ट्री

(c) प्लास्टिक के प्यालों का निर्माण करने वाली फैक्ट्री

(d) अल्कोहल फैक्ट्री

© NCERT not to be republished

6. अलवण जलीय पौधों और जंतुओं के जीवन के लिए सबसे अधिक सहायक pH परास कौन-सा है?

(a) 6.5 – 7.5
(b) 2.0 – 3.5
(c) 3.5 – 5.0
(d) 9.0 – 10.5

7. वे तीन 'R' कौन से हैं जो हमें प्राकृतिक संसाधनों को लंबी अवधि तक संरक्षित बनाए रखने में सहायक होंगे?

(a) पुनःचक्रण (Recycle), पुनरुत्पादन (Regenerate), पुनःउपयोग (Reuse)
(b) कम उपयोग (Reduce), पुनरुत्पादन (Regenerate), पुनःउपयोग (Reuse)
(c) कम उपयोग (Reduce), पुनःउपयोग (Reuse), पुनःवितरण (Redistributions)
(d) कम उपयोग (Reduce), पुनःचक्रण (Recycle), पुनःउपयोग (Reuse)

8. यहाँ जैव-विविधता से संबंधित कुछ कथनों में से उन कथनों को चुनिए जो जैव-विविधता की संकल्पना का सही वर्णन करते हैं।

(i) जैव-विविधता का अर्थ है किसी क्षेत्र में पाए जाने वाली पादपजात और प्राणिजात की विभिन्न स्पीशीजें
(ii) जैव-विविधता का अर्थ है किसी क्षेत्र में पाए जाने वाला पादपजात
(iii) जैव-विविधता वन में अपेक्षाकृत अधिक होती है
(iv) जैव-विविधता का अर्थ है किसी क्षेत्र में पाई जाने वाली एक विशेष स्पीशीज की व्यष्टियों की कुल संख्या

(a) (i) और (ii) (b) (ii) और (iv)
(c) (i) और (iii) (d) (ii) और (iii)

9. यहाँ दिए गए कथनों में से उन कथनों को चुनिए जो दीर्घोपयोगी विकास की संकल्पना का सही वर्णन करते हैं :

(i) पर्यावरण को कम-से-कम क्षति पहुँचाए बिना योजनाबद्ध वृद्धि
(ii) पर्यावरण को होने वाली क्षति की सीमा की चिंता किये बिना वृद्धि
(iii) पर्यावरण का संरक्षण करने के लिए सभी विकास कार्यों को रोक देना
(iv) ऐसी वृद्धि जो सभी पणधारियों को मान्य हो

(a) (i) और (iv) (b) (ii) और (iii)
(c) (ii) और (iv) (d) केवल (iii)

10. हमारे देश में, बड़े-बड़े वन क्षेत्रों को साफ कर दिया गया है और पौधों की केवल एक ही स्पीशीज की खेती की जाती है। यह पद्धति प्रोत्साहित करती है:

(a) क्षेत्र की जैव-विविधता को
(b) क्षेत्र में एकलकृषि को
(c) प्राकृतिक वन की वृद्धि को
(d) क्षेत्र में प्राकृतिक पारितंत्र के परिरक्षण को



© NCERT not to be republished

**11.** एक सफल वनसंरक्षण क्रियानीति में क्या शामिल होना चाहिए?

(a) उच्चतम पोषी स्तर के जंतुओं का संरक्षण

(b) केवल उपभोक्ताओं का संरक्षण

(c) केवल शाकाहारियों का संरक्षण

(d) सभी भौतिक और जैविक संघटकों के संरक्षण के लिए व्यापक कार्यक्रम

**12.** 'चिपको आंदोलन' से मिलने वाला महत्वपूर्ण संदेश कौन-सा है?

(a) वन संरक्षण प्रयासों में समुदाय को शामिल करना

(b) वन संरक्षण प्रयासों में समुदाय की उपेक्षा करना

(c) विकास कार्यक्रमों के लिए वन के वृक्षों को काट डालना

(d) सरकारी एजेंसियों को निर्विवाद रूप से यह अधिकार होता है कि वे वनों के वृक्षों को काटने के लिए आदेश दे सकें

**13.** हमारे देश में, नर्मदा नदी के आर-पार बने बाँधों, जैसे टेहरी और अल्मानी बाँधों की ऊँचाई बढ़ाने के प्रयत्न किए जा रहे हैं। नीचे दिए गए कथनों में से सही कथन चुनिए जिनसे इस बात का संकेत मिलता हो कि बाँधों की ऊँचाई बढ़ाने के क्या परिणाम होंगे

(i) क्षेत्र के स्थलीय पादपजात और प्राणिजात पूरी तरह नष्ट हो जाएँगे

(ii) क्षेत्र में रह रहे लोग और पालतू जानवर अव्यवस्थित हो जाएँगे

(iii) खेती के लिए उपयोगी जमीन स्थायी रूप से नष्ट हो जाएँगे

(iv) इससे लोगों को स्थायी नौकरी मिल सकेगी

(a) (i) और (ii) (b) (i), (ii) और (iii)

(c) (ii) और (iv) (d) (i), (iii) और (iv)

**14.** GAP संक्षिप्तिकरण को पूरा लिखिए :

(a) प्रदूषण नियंत्रण की सरकारी एजेंसी (Governmental Agency for Pollution Control)

(b) प्रकाश-संश्लेषण द्वारा सकल स्वांगीकरण (Gross Assimilation by Photosynthesis)

(c) गंगा एक्शन प्लान (Ganga Action Plan)

(d) प्राणि संरक्षण की सरकारी एजेंसी (Governmental Agency for Animal Protection)

**15.** गलत कथन चुनिए

(a) आर्थिक विकास का संबंध पर्यावरण संरक्षण से है

(b) दीर्घोपयोगी विकास से वर्तमान पीढ़ी के लिए विकास और भावी पीढ़ियों के लिए संसाधनों के संरक्षण को प्रोत्साहन मिलता है

(c) दीर्घोपयोगी (संपोषित) विकास पणधारियों के दृष्टिकोणों का कोई ध्यान नहीं रखता

(d) दीर्घोपयोगी विकास, दीर्घकालिक आयोजित और स्थायी विकास होता है

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्राकृतिक संसाधन नहीं है?

(a) आम का वृक्ष

(b) साँप

(c) पवन

(d) काष्ठगृह

© NCERT not to be republished

**17.** गलत कथन चुनिए :

(a) वनों में विभिन्न प्रकार के उत्पाद मिलते हैं
(b) वनों में अपेक्षाकृत अधिक पादप जैव-विविधता पाई जाती है
(c) वनों में मृदा संरक्षण नहीं होता
(d) वनों से जल संरक्षण होता है

**18.** बंगाल के अराबाड़ी वनों में किसकी बहुलता पायी जाती है?

(a) चीड़
(b) साल
(c) बाँस
(d) गरान (मैंग्रोव)

**19.** भूजल की कमी किसके कारण नहीं होती?

(a) वनोन्मूलन
(b) ताप बिजली घर
(c) वनों का ह्रास और वर्षा में कमी
(d) ऐसी फसलों की खेती करना जिनके लिए अधिक पानी आवश्यकता होती है

**20.** बड़े-बड़े बाँधों के निर्माण किए जाने का विरोध किसके कारण होता है?

(a) सामाजिक कारणों के
(b) आर्थिक कारणों के
(c) पर्यावरण कारणों के
(d) उपरोक्त सभी के

**21.** खादिन, बंधिस, अहार, और कट्टा वे प्राचीन संरचनाएँ हैं जो निम्नलिखित में से किस-के लिए प्रयोग की जाती थीं?

(a) अनाज भंडारण
(b) काष्ठ भंडारण
(c) जल-संभरण
(d) मृदा-संरक्षण

**22.** शब्दों के उस सही संयोजन को चुनिए जिसमें जीवाश्मी ईंधन नहीं होता:

(a) पवन, महासागर और कोयला
(b) केरोसीन, पवन और ज्वार
(c) पवन, काष्ठ, सूर्य
(d) पेट्रोलियम, काष्ठ, सूर्य

**23.** निम्नलिखित में से पारिहितैषी क्रियाकलाप चुनिए:

(a) परिवहन के लिए मोटर गाड़ी का उपयोग करना
(b) खरीददारी के लिए पोलीथिन की थैलियों का उपयोग करना
(c) कपड़े रंगने के लिए रंगों का उपयोग करना
(d) सिंचाई के लिए बिजली के उत्पादन हेतु पवन-मिलों का उपयोग करना



© NCERT not to be republished

**24.** बाढ़ के पानी से जलमग्न नालियों के आर-पार छोटे-छोटे रोकबाँध बनाना महत्वपूर्ण होता है क्योंकि वे–

(i) सिंचाई के लिए पानी रोके रखते हैं

(ii) पानी रोके रखते हैं और मृदा कटाव को नहीं होने देते

(iii) भूजल का पुनर्भरण हो जाता है

(iv) पानी को स्थायी तौर पर रोके रखते हैं

(a) (i) और (iv) (b) (ii) और (iii)

(c) (iii) और (iv) (d) (ii) और (iv)

## लघुउत्तरीय प्रश्न

**25.** ऐसी पाँच चीजों की सूची बनाइए जिन्हें आप स्कूल में प्रतिदिन इस्तेमाल करते हैं। सूची में से उन चीजों को पहचानिए जिनका पुनःचक्रण किया जा सकता है।

**26.** सामुदायिक स्तर पर जल-संभरण से संबंधित दो लाभों की सूची बनाइए।

**27.** कर्नाटक के एक गाँव में लोगों ने एक ऐसी झील के चारों तरफ खेती करना आरंभ किया जो हमेशा ही पानी से भरी रहती थी। अपनी उपज बढ़ाने के लिए उन्होंने अपने खेतों में उर्वरक का उपयोग किया। शीघ्र ही उन्होंने देखा कि वह झील तैरते हुए हरे पौधों से ढक गई, और फिर झील में पौधे और मछलियाँ बड़ी संख्या में मरने लगे।

इस स्थिति का विश्लेषण कीजिए और पौधों की अत्यधिक वृद्धि का और झील की मछलियों का बड़ी संख्या में मरने के कारण बताइए।


**28.** अपने घर में कम बिजली खर्च करने के लिए आप क्या उपाय करेंगे?

**29.** हालाँकि कोयला और पेट्रोलियम जैव संहति के अपघटन से उत्पन्न होते हैं, फिर भी हमें उनके संरक्षण करने की आवश्यकता है। क्यों?


**30.** वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड स्तर का नियंत्रण करने के लिए कुछ उपायों का सुझाव दीजिए।

**31.** (A) चित्र16.1 (a) और (b) में जलाशयों का पता लगाइए और उनके नाम बताइए।

(B) कौन-सा जलाशय दूसरे जलाशय की अपेक्षा अधिक लाभप्रद है, और क्यों?




*चित्र 16.1(a)*




*चित्र 16.1 (b)*

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न

**32.** प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के संबंध में, कम उपयोग करना, पुन:चक्रण और पुन:उपयोग शब्दों की व्याख्या कीजिए। अपने दैनिक जीवन में प्रयोग करने वाले पदार्थों में से प्रत्येक श्रेणी के दो-दो पदार्थों की पहचान कीजिए।

**33.** अपने दैनिक जीवन में किए जाने वाले उन पाँच क्रियाकलापों की सूची बनाइए जिनमें प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण किया जा सकता है अथवा ऊर्जा के उपयोग को कम किया जा सकता है।

**34.** क्या जल संरक्षण आवश्यक है? कारण बताइए।

**35.** अपशिष्ट जल का उपयोग करने की कुछेक लाभकारी विधियों का सुझाव दीजिए।

**36.** एक संसाधन के रूप में वन का क्या महत्व है?

**37.** बंगाल के अराबाड़ी वनों को संरक्षित वन का एक उत्तम उदाहरण क्यों माना जाता है?

© NCERT not to be republished